at their normal speed. There is no need for any specific change in track structure for running these locomotives.

(c) Thirty. Freight locomotives are proposed to be used on high density routes of Eastern and Northern Railways. Passenger locomotives are proposed to be used for working Rajdhani type trains connecting metropolitan towns.

(d) Yes, Sir.

मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा

2518. श्री नारायण प्रसाद गुप्ता : क्या **जल भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय यातायात नीति की समिति ने वर्ष 1984 में मध्य प्रदेश में सात मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की सिफारिश की है ;

(ख) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों का घनत्व 0.67 किलोमीटर है, जो देश में न्यूनतम है ;

(ग) क्या उक्त असमानता को दूर करने पर विचार किया जा रहा है ;

(घ) क्या 148-204 किलोमीटर मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 के कार्य सं० एम०पी० 9-94 के निर्माण के लिये 211 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव है ; और

(ङ) यदि हां, तो इसे कब तक स्वीकृति दिये जाने की संभावना है ?

जल भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) :

(क) एन० टी० पी० सी० (राष्ट्रीय परिवहन नीति समिति) ने मई, 1980 में प्रस्तुत की गयी अपनी रिपोर्ट में अन्य बातों के साथ-साथ मध्य प्रदेश में नौ सड़कों को नये राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित करने की सिफारिश की थी। तथापि, दो सड़कों को पहले ही नये राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित किया जा चुका है।

(ख) तथा (ग) मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की संघनता प्रति 100 वर्ग कि० मी० 0.67 कि० मी० है, जबकि अखिल भारतीय औसत 1.036 कि० मी०/100 वर्ग कि०मी० है। तथापि राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में, किसी क्षेत्र/स्थान/जनसंख्या अथवा राज्य स्तर के आधार पर नहीं बल्कि विभिन्न मानदण्डों के साथ-साथ उक्त सड़क की समग्र प्राथमिकता और विशेषकर इस प्रयोजनार्थ की निधियों की उपलब्धता को ध्यान में रखकर विचार किया जाता है।

(घ) जी नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

Development of NH No. 55

2519. SHRI RATNA BAHADUR RAI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) what amount was allotted for the improvement, extension and development of National Highway No. 55 and released during the last two years; and

(b) what are the proposals at hand for the further development of this National Highway and Funds allotted for the year 1994-95?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER). (a) and (b) Funds are allotted/released State-wise and not National Highway-wise. However, for the development and maintenance of all the National Highways in West Bengal including NH-55 following amounts have been allotted/released during the last two years—

(Rs. in lakhs)

Year	Development	Maintenanc
1991-92	1634.00	1284.35
1992-93	2230.00	1071.51

No proposal is under consideration for extension of NH-55 at present.

An amount of Rs. 2800.00 lakhs has been tentatively allocated for development of National Highways including NH-55 in West Bengal during 1994-95.

भारत में जलमार्गों पर चलने वाली निजी और सरकारी नौकाएं

2520. **श्रीमती सत्या बहिन** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में राजमार्गों पर चलने वाली निजी और सरकारी नौकाओं की संख्या कितनी है ;

(ख) क्या निजी नौकाओं को चलाने के लिये कोई लाइसेंस जारी किया जाता है; और

(ग) क्या लाइसेंस जारी करने से पहले उसकी चालन व सुरक्षा क्षमता की जांच की जाती है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य **मंत्री** (**श्री जगदीश टाइटलर**) : (क) भारत में जलमार्गों पर प्रचालित नौकाओं की कोई गणना नहीं की गई है। तथापि, यंत्रचालित पोतों के बारे में यह कहा जा सकता है कि उनका पंजीकरण, अन्तर्देशीय पोत अधिनियम, 1917 के अधीन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा यथा अधिसूचित पंजीकरण प्राधिकारियों द्वारा किया जाता है।

(ख) कोई भी यंत्रचालित पोत, जिसमें निजी पोत भी शामिल है, अन्तर्देशीय जल मार्ग प्रणाली का उपयोग कर सकता है, बशर्ते कि उसके पास अन्तर्देशीय पोत अधिनियम, 1917 के अन्तर्गत अन्तर्देशीय जलमार्गों में चलने संबंधी योग्यता के लिए किसी भी राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया वैद्य सर्वेक्षण और पंजीकरण प्रमाण पत्र हो।

(ग) संबंधित राज्य सरकार को अन्तर्देशीय पोत अधिनियम, 1917 के तहत लाइसेंस जारी करने से पहले यंत्रचालित पोतों की यात्रा/सुरक्षा की क्षमता आदि की जांच करनी होती है।

अहमदाबाद–बड़ौदा एक्सप्रेस राजमार्ग का विस्तार

2521. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिंदे** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने अहमदाबाद और बड़ौदा के बीच बनाये जा रहे एक्सप्रेस राजमार्ग का विस्तार बम्बई तक करने के लिए एक सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) इस परियोजना पर कितनी लागत आयेगी ; और

(घ) यह कार्य कब तक शुरू किया गया?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) जी हां ;

(ख) प्रस्तावित बम्बई-बड़ौदा एक्सप्रेसवे का व्यवहार्यता अध्ययन पूरा कर